जयंती | बेलखाडू व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

# सामाजिक न्याय एवं समानता के पुरोधा को किया गया नमन





**नवभारत, बेलखाड़ू।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर (बाबा साहेब) की 135वी जयंती के अवसर पर मंगलवार को बेलखाड़ू क्षेत्र में जगह-जगह भव्य और वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र में 'जय भीम' और 'जय संविधान' के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत बेलखाड़ू स्कूल के सामने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

इसके बाद भगत चिकित्सालय के पास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश नगाइच, रवि पटेल, रोहित मेहरा, विजय प्रजापति, रमन पटेल, जानू साहू, गोलू ठाकुर, मोनू यादव, शिवम वर्मन, सागर दहिया, अंजना बर्मन, दुर्गा चक्रवर्ती, रेशमा बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### निकाली गई विशाल रैली

जयंती अवसर पर बेलखाड़ू से एक विशाल रैली निकाली गई, जो बेलखाड़ू, झगरा, बघोड़ी और खैरी तक पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में आसपास ग्रामों से मुकेश चौधरी, गणेश चौधरी, रवि चौधरी, सागर, आकाश, अनिकेत, सतीश, राहुल, प्रमोद, अभिषेक दिनेश चौधरी, आशीष, अभिषेक चौधरी युवाओं, महिलाओं और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में लोगों ने हाथों में झंडे एवं बड़ी तस्वीर लेकर बाबा साहेब के विचारों का प्रचार करते हुए सामाजिक समानता और शिक्षा का संदेश दिया। आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों की स्थापना संभव है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## 'जय भीम' के जयघोष से गूंजी मझौली



**मझौली।** मझौली नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नीले झंडों और बाबा साहेब के जयकारों से पूरा नगर 'भीममय' नजर आया। शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं शोभायात्रा में डीजे की धुनों पर थिरकते युवा और बाबा साहेब के जीवन दर्शन को दर्शाती झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बाबा साहेब के सिद्धांतों पर डाला गया प्रकाश-कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के सिद्धांतों 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' पर प्रकाश डाला। नगर परिषद द्वारा भी सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी।


### ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन

बाबा साहेब की जयंती पर आस पास के ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया। ग्राम पंचायत सूरतलाई, बघोंडा,मोहास बिलखरबा, झगरा, बोरिया, निरंदपुर, नगना में आयोजित सभा दौरान विभिन्न बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु बुनियादी ढांचा, पेयजल, महिला शसक्तीकरण, जी राम जी अधिनियम पर चर्चा, जल गंगा संवर्धन अभियान, समरसता जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### ब्लॉक कांग्रेस का आयोजन

ग्राम काला डूमर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाडू का बाबा साहेब जयंती पर दोपहर में आयोजन के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव द्वारा फोटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, रूपेन्द्र पटेल, विनीता यादव, प्रवीण चौबे, रिंकू तिवारी, विजय यादव रहे। सभी ने संविधान और बाबा साहेब को याद किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाडू अध्यक्ष अजीत परिहार, युका अध्यक्ष लकी पटेल, पवन सोनी, अमन गोस्वामी, राकेश नामदेव, संजय सोनी, रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बीएलए, मंडलम, ब्लॉक, पंचायत पदाधिकारियों से संवाद उपरांत पंचायत अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## नपा में हितग्राही मूलक योजना सम्मेलन



नवभारत, सिहोरा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सिहोरा क्षेत्र के बाबाताल (कुरारिया शाला के पास) में नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में एक गरिमामय एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संतोष बड़करे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर विधायक बड़करे ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों एवं भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ वितरण किया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरित किए गए। साथ ही छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं साइकिल वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान**-इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, समस्त पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सामाजिक समरसता, जनकल्याण एवं जागरूकता की भावना से ओत-प्रोत रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जय श्री चौहान नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## नवांकुर संस्था ने मनाई जयंती




**नवभारत, मझौली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् (विकासखंड मझौली) की नवांकुर संस्था 'ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, गुरजी' द्वारा सेक्टर पोंडा के ग्राम दर्शनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच सुमित राय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभात चौधरी (पटवारी), भीष्म प्रकाश पटेल (ग्राम पंचायत सचिव), विवेक तिवारी (रोजगार सहायक), नीरज दुबे (परामर्शदाता - जिन्होंने कार्यक्रम का सफल संचालन किया साथ ही सेक्टर परामर्शदाता पूनम चौबे, सतीश पाठक, मनीष अवस्थी और सचिन नामदेव ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**विद्यार्थियों ने भी की सहभागिता**-कार्यक्रम में जन अभियान परिषद कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें मेघा तिवारी, लाडली राय, शालिनी पाटकर, कंचन यादव, नंदनी लोधी, गिरजा काछि और निशा पाल प्रमुख रूप से शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो' के नारे को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस ने मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती



**नवभारत, सिहोरा।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने केवल संविधान का निर्माण नहीं किया बल्कि अपनी दूरदर्शी सोच के चलते आजाद देश में जात-पात ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। यह बात डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कांग्रेस पार्टी के आयोजित जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस सिहोरा नगर अध्यक्ष पवन सोनी ने कही। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल के तत्वाधान नगर कांग्रेस अध्यक्ष के संयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष नगर कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे। इस मौके पर प्रकाश कुररिया कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे जिला महासचिव अमोल चौरसिया जितेंद्र तिवारी ने भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें देश का महान समाज सुधारक बताया। कार्यक्रम में पार्षद कल्पना आलोक पांडे, ममता गोटिया, माधुरी गणेश दहिया, रमेश पटेल, पूर्व पार्षद एम मंसूर, राजेश पटेल शंकर वंशकार, रामलोचन कोल, सुदीप पांडे फैज आलम, शाह शेख साबिर, डॉ आरके यादव, मनीष खंपरिया, लाल बहादुर पाठक, गौस भाई आजाद, ओम नारायण श्रीवास्तव, साकेत पिड़िहा, बिट्टू कुररिया, डब्बू पाठक लियाकत खान, अजीत विश्वकर्मा, रमेश बिरहा के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## कंदराखेड़ा में आयोजन



**कंदराखेड़ा।** संयुक्त बेन वंशकार समाज द्वारा विश्व रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ कंदरखेड़ा नई बस्ती परियट में मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ बुद्धिजीवी गुलाब बेन, देवीदीन बेन, भारत बेन, तीर्थ बेन, चंदन बेन, अरविंद बेन, अतुल, राहुल, संजय, बिट्टू और सोनू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परशुराम प्रगटोत्सव पर निकलेगी वाहन रैली

**बाबाताल में संयुक्त ब्राह्मण समाज की बैठक में निर्णय**

**सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर भव्य एवं विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी। उक्ताशय का निर्णय शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा की बैठक में लिया गया। विदित हो विगत अनेक वर्षों से सिहोरा खितौला के समस्त विप्रजनों द्वारा मिलकर वाहन रैली निकाली जाती है तथा समापन स्थल पर भंडारे के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परम पूज्य संत आकर्षक महाराज के सानिध्य में रैली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में सभी विप्रों ने उपस्थित होकर रैली को भव्य बनाने अपने अपने सुझाव दिए। वाहन रैली रविवार 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे नृसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक, खितौला बाजार, पेट्रोल पंप तिराहा से होकर बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुआं, सरावगी मोहल्ला, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर शिव मंदिर बाबाताल में समापन होगा। संयुक्त ब्राह्मण समाज ने सभी विप्रजनों से वाहन रैली में उपस्थिति की अपील की है।

## ग्राम वासियों ने माना विधायक का आभार

**सिहोरा।** विधायक अजय बिश्नोई द्वारा ग्राम हरदुआ कला के राहुल बर्मन पिता धनीराम बर्मन जो कि ट्रक ड्राइवर थे विगत दिवस अचानक गोवा में हृदय गति रुक जाने के कारण उनका देहांत हो गया। जिनकी बात नितिन उपाध्याय और समस्त ग्राम वासियों ने विधायक के पास रखी जिस पर विधायक ने तत्परता दिखाते हुए मदद की और 12 घंटे के अंदर गोवा से फ्लाइट द्वारा पहुंचाने की कृपा की। समस्त ग्रामवासी उनके इस सराहनीय कार्य के लिए समस्त ग्रामवासी ने विधायक जी का धन्यवाद व्यक्त किया।




# महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**ग्राम पंचायत निपनिया में मनाया गया पोषण पखवाड़ा**

**पनागर, नवभारत।** ग्राम पंचायत निपानिया में पोषण पखवाड़ा कार्यालय का आयोजन परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ग्राम की उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक स्नेहलता पटेल द्वारा पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए संतुलित आहार स्वक्षता एवं स्वास्थ्य जीवन शैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव राम सैयाम, बुजुर्ग महिलाओं का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस मौके पर बेटी बाई, विद्या ठाकुर, ऋतु सिंह गौड़, लक्ष्मी को, विमला बाई, सविता बाई गौड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम राजपूत,वन्दना महोबिया, अभिलाष राजपूत, उत्तरा बाई ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता निभाई ।

# पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**परिजनों ने फाइनेंस कंपनी पर लगाया दबाव का आरोप**

**डिंडोरी, नवभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राई के जंगल में एक अधेड़ व्यक्ति का सड़ा-गला शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 55 वर्षीय विश्वराज आर्मो निवासी सक्का बरगा के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 15 दिनों से लापता था। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मौत करीब दो सप्ताह पहले हुई है।परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मृतक के बेटे ने एक बाइक फाइनेंस कंपनी के माध्यम से खरीदी थी, जिसके बाद कंपनी द्वारा लगातार किस्तों की वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी मानसिक तनाव के चलते विश्वराज आर्मो ने यह आत्मघाती कदम उठाया। उन्होंने संबंधित फाइनेंस कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। कोतवाली थाना में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर भीतेंद्र पाठक ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी, जहां एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला।

# जिंदा गाय ले जाकर काटने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस




**नवभारत, उमरिया।** जिले के पाली थाना के घुनघुटी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदनिया से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां कुछ लोगों पर गाय को काटने का आरोप लगाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हलचल मच गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। फिलहाल पूरा मामला आरोपों के आधार पर दर्ज किया जा रहा है और पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

गौ सेवक सिल्लू रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे कुछ व्यक्ति जिंदा गाय को ग्राम चंदनिया से घुनघुटी की ओर ले जा रहे थे। इस दौरान उन्हें संदेह हुआ, जिसके बाद अन्य गौ सेवकों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी गई। सिल्लू रजक के मुताबिक, वहां पहुंचने पर तीन से चार लोग गाय को काटते हुए नजर आए। इस दृश्य को देखते ही उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया।

इस मामले में पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि गौकशी की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला सामने आया है और शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ पाएगी। घटना के बाद गांव में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस की सतर्कता के चलते हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आरोप कितने सही हैं और किन लोगों की इसमें संलिप्तता है।



# मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**चिल्हारी उमरिया।** अमरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत देवगवां स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी होने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा के लिए पहुंचे, तब उन्हें मूर्ति गायब मिली, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

जानकारी के अनुसार, चोरी की यह घटना 11 मई की रात को हुई। शनिवार को पुजारी ने मंदिर का दरवाजा खोला तो राधा-कृष्ण की मूर्ति अपने स्थान पर नहीं थी। चोरी हुई अष्टधातु की मूर्ति की अनुमानित कीमत लगभग 90 हजार रुपए है। सीसीटीवी और संदिग्धों की जांच जारी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया है। पुलिस की टीमें मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही हैं और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही हैं। इस मामले में एसडीओपी का कहना है कि मूर्ति चोरी के मामले में गहनता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर मूर्ति बरामद कर ली जाएगी।

# पास कराने के नाम पर छात्रा से ठगी

**परेशान छात्रा ने प्राचार्य सहित थाना में की शिकायत**

**नवभारत, ब्योहारी।** पैसे की हवस और भूख शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्योहारी में पढ़ने वाले छात्र मोहन सोनी को इस कदर लगी की वंही कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को विश्वविद्यालय रीवा में अपनी पकड़ और पंहुच बता कर कई छात्राओं को भविष्य में अच्छे नंबर से पास कराने का सपना दिखाकर अपना शिकार बना कई लाख रूपये की ठगी करने का खुलासा हुआ है। उसके द्वारा न तो उन्हें उनका रिजल्ट दिया जा रहा और न ही उनका पैसा लौटाया जा रहा है।

नगद और फोन पे से लिया पैसा अदिति खरे पिता राजकुमार खरे निवासी बाणसागर ने बताया कि मै वर्ष 2021 मे शासकीय कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय ब्योहारी मे बीएससी फर्स्ट ईयर मे एडवीसन ली थी। मोहन सोनी



निवासी नौढ़िया ब्योहारी भी पढ़ रहा था उसके द्वारा पढ़ाई के साथ ही पत्रकारिता करना और पत्रकारिता के कारण विश्व विद्यालय रीवा मे जान पहचान होने के कारण परीक्षा मे गारंटी से पास कराने की बात कही और वर्ष 2022-23 मे सेकंडियर का पेपर सादी होने के कारण नहीं दे पायी तब उसके द्वारा रिजल्ट बनवाने के नाम पर 15 हजार नगद और 15 हजार फोन पे से लिया है। मार्कशीट मागने पर नहीं दिया जा रहा और न ही पैसा वापस किया जा रहा है। पैसा मागने पर जल्दी ही मार्गशीट देने की बात कह टालमटोल किया जा रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा कई लोगों से रिजल्ट बनवाने के नाम पर ठगी की है।

### कार्यवाही करने में पुलिस कर रही हीलाहवाली

छात्रा का आरोप है कि आरोपी मोहन सोनी को लेकर हम लोग थाना गये वंहा दोनों पक्ष की बात सुनी और मुझसे आवेदन लिया किन्तु उसकी पावती नहीं दी गयी और न ही उसके खिलाफकोई कार्यवाही की गयी।ऐसे मे सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या छात्राओं को न्याय मिलेगा? क्या मोहन सोनी के खिलाफकोई ठोस कार्यवाही होंगी।